# समाहरणालय, समस्तीपुर

(महिला एवं बाल विकास निगम, समस्तीपुर)

समस्तीपुर जिला अंतर्गत पुलिस लाईन पालनाघर समस्तीपुर में क्रेच वर्कर एवं क्रेच हेल्पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखने हेतु मुहरबंद निविदा निबंधित आउटसोर्सिंग एजेंसी से पुलिस लाईन पालनाघर, समस्तीपुर में दिनांक 20.06.2026 को 05:00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.07.2026 को 1:00 बजे अपराह्न निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त कार्यालय में निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा की शर्तें निम्नवत् है :–

**A. तकनीकी शर्तें** :–

(i) निविदादाता आउटसोर्सिंग एजेंसी का निबंधन श्रम संसाधन विभाग या उद्योग विभाग से एवं सिक्यूरिटी एजेंसी के लिए गृह विभाग द्वारा प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम–2005 के अंतर्गत होना आवश्यक है, जिससे संबंधित स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(ii) सिक्यूरिटी एसेंसी चलाने हेतु अनुज्ञप्ति/एन.ओ.सी. संबंधित प्राधिकार से निर्गत होना चाहिए।

(iii) निविदादाता को निविदा में EPF एवं ESI से निबंधित होने संबंधी प्रमाण–पत्र एवं विगत एक वर्षो में EPF एवं ESI में जमा की गई राशि का चालान/साक्ष्य संलग्न करना होगा।

(iv) जी0एस0टी0 पंजीकरण संबंधी प्रमाण–पत्र, अद्यतन जी0एस0टी0 रिटर्न भुगतान संबंधी विवरण (3B) एक वर्ष का, साथ ही निविदादाता को विगत तीन आकलन वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 का आयकर रिटर्न संलग्न करना होगा।

(v) आपूर्तिकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 01 करोड़ से कम नहीं होना चाहिए। साक्ष्य स्वरुप विगत वर्ष का CA द्वारा सत्यापित ऑडिट रिपोर्ट जिस पर विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (यूडीआईएन) अंकित होना चाहिए, संलग्न करना होगा।

(vi) आपूर्तिकर्ता को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

(Vii) आपूर्तिकर्ता को काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र मूल रुप में देना होगा।

(viii) पूर्व में किसी जिले में कार्य करने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। कार्यादेश स्वीकार्य नहीं है। अनुभव प्रमाण पत्र ही देना होगा।

(ix) आपूर्तिकर्ता को अग्रधन के रुप में 25000/ (पचास हजार) रुपये का बैंक ड्रफ्ट जो जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर के पदनाम से विकलनीय होगा, संलग्न करना होगा।

(x) संबंधित एजेंसी/फर्म/पार्टनरशिप/संचालक के प्रोपराईटर का चरित्र प्रमाण–पत्र जो कि निविदादाता के गृह जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

**B. वित्तीय शर्तें** :–

तकनीकी शर्तों को पूरा करने के उपरांत वित्तीय लिफाफा खोला जाएगा।

(i) निविदादाता को वित्तीय निविदा में मजदूरी का दर भरते समय इससे संबंधित श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा निर्गत अद्यतन अधिसूचना का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

(ii) आउटसोर्सिंग संबंधी कार्यो के लिए दर श्रम संसाधन विभाग बिहार, पटना से निर्धारित दर के अतिरिक्त नियमानुसार निर्धारित EPF एवं ESI की राशि अलग–अलग स्पष्ट रुप से अंकित करना होगा।

(iii) निविदादाता का सेवा शुल्क, बिहार गजट असाधारण अंक स0–स0–251, पटना दिनांक 24.03.2023 के अनुरुप होनी चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

(51)

गजट की कंडिका 4 (i) के अनुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव बल की सेवा प्राप्त करने हेतु सेवा शुल्क न्यूनतम 3.85 प्रतिशत (3 प्रतिशत लाभ और 0.85 प्रतिशत सव्यवहार शुल्क के रुप में) तथा अधिकतम 7 प्रतिशत (सव्यवहार शुल्क सहित) होगी।

गजट की कंडिका 4 (ii) के अनुसार उक्त निर्धारित न्यूनतम सेवा शुल्क की अधिसीमा से न्यून एवं निर्धारित अधिकतम सेवा शुल्क की अधिसीमा से उच्च दर अंकित करने वाले निविदादाता की वित्तीय निविदा विचारणीय नहीं होगी। सेवा शुल्क के दर में अंकित रुपये में दशमलव के पश्चात 2 अंक से आगे अंकित अंक को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**C. अन्य शर्तें :–**

(i) उच्चाधिकारियों के द्वारा समय–समय पर निरीक्षण के दौरान एजेंसी/फर्म द्वारा प्रदत्त सेवा के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर इसकी सम्यक जॉच कर एजेंसी/फर्म के साथ किये गये एकरारनामा को समाप्त करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

(ii) सेवा प्रदाता एजेंसी/फर्म/पार्टनरशिप/संचालक के कर्मी की ड्यूटी अवधि निर्धारित रोस्टर में होगी।

(iii) बिना कारण बताये सभी निविदाओं अथवा निविदा को आंशिक रुप से स्थगित करने या रद्द करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

(iv) सेवा प्रदाता एजेंसी/फर्म/पार्टनरशिप/संचालक द्वारा यदि आउटसोर्सिंग के एकरारनामा की शर्तो का अनुपालन नहीं किया जाता है तो सेवा शुल्क में आवश्यकतानुसार कटौती की जायेगी एवं एकरारनामा को रद्द किया जा सकेगा।

(v) स्वीकृत निविदादाताओं को छोड़कर शेष निविदादाताओं की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।

उपयुक्त निविदा Two Bid System पर आधारित होगी। इच्छुक एन0जी0ओ0/आउटसोर्सिंग एजेंसी को तकनीकी शर्त एवं वित्तीय शर्त के दोनों लिफाफों को अलग–अलग सील बंद (लाह से) लिफाफे में देना होगा। पुनः दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे के अंदर डालकर निर्धारित समय सीमा के अंदर जिला प्रोग्राम कार्यालय आई0सी0डी0एस0 समस्तीपुर – 848101 पर निबंधित डाक/हाथो–हाथ डाल सकते हैं। सभी लिफाफों पर आउटसोर्सिंग एजेंसी अपना पूर्ण पता अंकित करेंगे। साथ ही प्रकाशित निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं निविदा रद्द करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा। विशेष जानकारी के लिए समस्तीपुर जिला के बेवसाईट–http://samastipur.bih.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**आउटसोर्सिंग से कर्मी की सेवा प्राप्त करने हेतु सूची:–**

| क्र० | पद का नाम (महिला हेतु आरक्षित) | पदों की संख्या | मानदेय की गणना | मासिक | वार्षिक | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रेच वर्कर (उम्र अधिकतम 40 वर्ष) | 01 | रू. 491X30 | 14730 | 176760 | स्नातक उर्तीण |
| 2 | क्रेच हेल्पर (उम्र अधिकतम 40 वर्ष) | 01 | रू. 388X30 | 11640 | 139680 | बारहवीं पास अथवा इन्टरमीडिएट |

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
ICDSसमस्तीपुर

उप विकास आयुक्त
समस्तीपुर

जिला पदाधिकारी,

Scanned with OKEN Scanner